# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 07.12.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- गोवा के रेस्टोरेंट में लगी आग में लगभग 25 लोगों की मौत, झारखंड के तीन युवक भी शामिल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने व्यक्त की गहरी संवेदना, गोवा सरकार ने जांच के दिए आदेश।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने पर पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां के खिलाफ शिकायत हुई दर्ज।
- हजारीबाग पुलिस ने पूर्व टीपीसी से जुड़े चार अपराधियों को बुंडू जंगल से किया गिरफ्तार, कार्बाइन पिस्तौल, कारतूस और मोबाइल बरामद।
- राज्य में शीतलहर का प्रकोप जारी, मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत 11 जिलों में जारी किया येलो अलर्ट।
- राष्ट्रीय स्कूल गेम्स फुटबॉल चैम्पियनशिप में झारखंड की अंडर–14 बॉयज़ टीम ने किया शानदार प्रदर्शन, फाइनल में पंजाब को पेनल्टी शूटआउट में हराकर जीता खिताब।

****************

गोवा के अरपोरा स्थित एक रेस्टोरेंट में लगी भीषण आग में करीब 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें झारखंड के तीन युवक शामिल हैं। रांची लापुंग के प्रदीप महतो और विनोद महतो और खूंटी कर्रा के मोहित मुंडा कुक का काम करने के लिए गोवा गए थे। घटना के बाद राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और विभिन्न नेताओं ने शोक जताया, जबकि गोवा के मुख्यमंत्री ने हादसे की जांच के आदेश दिए। इधर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए शोक संवेदना व्यक्त की।

****************

पूर्वी सिंहभूम के सीतारामडेरा थाना में पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत में आरोप है कि 28 नवंबर की प्रेस वार्ता में उन्होंने मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की जिसे झामुमो नेताओं ने संवैधानिक गरिमा के खिलाफ बताया। जबकि दुलाल भुईयां ने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणी मुख्यमंत्री पर नहीं बल्कि व्यवस्था पर थी।

****************

प्राइवेट स्कूल एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन पासवा झारखंड की रांची स्थित कार्यालय में आज एक बैठक हुई, जिसमें निजी स्कूल संचालकों और कर्मियों की बढ़ती समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष आलोक दूबे ने आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग के अधिकारी आरटीई के नाम पर निजी स्कूलों को अनावश्यक रूप से परेशान कर रहे हैं, जबकि झारखंड हाई कोर्ट ने स्पष्ट रूप से ऐसे उत्पीड़न से मना किया है। उन्होंने कहा कि यदि स्थिति नहीं सुधरी, तो संगठन इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय तक ले जाने पर मजबूर होगा।

****************

स्वदेशी जागरण मंच की सरायकेला–खरसावां इकाई ने एक दिवसीय जिला सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें संगठन विस्तार और कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में जिला और प्रखंड स्तरीय कमिटियों का विस्तार किया गया और विभिन्न प्रांत एवं विभागीय पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। जिले के नौ प्रखंडों से आए करीब 200 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति के बीच मुख्य वक्ता अखिल भारतीय सह पर्यावरण प्रमुख बन्दे शंकर सिंह ने स्वदेशी के महत्व पर बल देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत की असली नींव स्वदेशी है और इसे जन–आंदोलन का रूप देना आवश्यक है।

****************

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने रामगढ़ प्रखंड में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की स्थापना की मांग करते हुए जनजातीय कार्य मंत्रालय की सचिव रंजना चोपड़ा को पत्र लिखा और नई दिल्ली में उनसे मुलाकात कर इस आग्रह को दोहराया। सांसद का कहना है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में अनुसूचित जनजाति समुदाय रहता

है, जहां गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा के अभाव में स्थानीय विद्यार्थियों को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए ऐसे विद्यालय की स्थापना अत्यंत जरूरी है।

***************

हजारीबाग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व टीपीसी से जुड़े सक्रिय चार अपराधियों को बुंडू के जंगल से हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से एक कार्बाइन, तीन पिस्तौल, नौ जिंदा कारतूस, आठ मोबाइल सहित कई सामान बरामद किए। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बड़कागांव एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम बनाकर यह सफल छापेमारी की गई।

***************

सरायकेला नगर पंचायत क्षेत्र में प्रस्तावित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के विरोध में आज विशेष ग्राम सभा आयोजित हुई, जिसमें ग्रामीणों ने परियोजना के खिलाफ एकजुट होकर आपत्ति दर्ज कराई। ग्रामीणों का कहना है कि प्लांट से क्षेत्र में प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ेंगी और प्राकृतिक संसाधनों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा, इसलिए वे अपने गांव और कृषि क्षेत्र के पास ऐसी परियोजना स्थापित नहीं होने देंगे।

***************

खूंटी जिला के हितुटोला निवासी पवन संवासी प्रगतिशील किसान बन गए हैं। पवन संवासी प्रत्येक वर्ष दस लाख से अधिक की आमदनी कर अन्य किसानों के लिए अब प्रेरक किसान बन गया है। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता—

***************

राज्य के कई जिलों में शीतलहर का प्रकोप जारी है और गुमला में राज्य का न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, रामगढ़, बोकारो और खूंटी सहित 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र के अनुसार तापमान में गिरावट उत्तर—पश्चिमी हवा के निचले क्षोभ मंडलीय स्तर पर सक्रिय रहने से हो रही है।

***************

कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए झारखंड सरकार ने गढ़वा जिले के लिए प्राकृतिक आपदा मद से तीन लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने बताया कि इस राशि से अलाव, राहत सामग्री वितरण और अन्य उपायों को सुदृढ़ किया जाएगा और सभी प्रखंडों और नगर निकायों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

***************

संक्षिप्त खबरें—

- जमशेदपुर के टाटा स्टील की शत—प्रतिशत सब्सिडियरी कंपनी टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा का आज अचानक निधन हो गया। टाटा स्टील प्रबंधन ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए कहा कि वे अपनी मिलनसार शैली, शांत स्वभाव और उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता के लिए संगठन में सम्मानित थे।
- सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र में एक मालवाहक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। शवों को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

***************

राष्ट्रीय स्कूल गेम्स फुटबॉल चैम्पियनशिप में झारखंड की अंडर—14 बॉयज़ टीम ने खिताब अपने नाम कर लिया। मध्य प्रदेश में खेले गए इस मैच के रोमांचक फाइनल में टीम ने पंजाब के खिलाफ कड़ी टक्कर के बाद पेनल्टी शूटआउट में शानदार जीत दर्ज की।

*******समाप्त********